हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 01 जून 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम के लेजर वैली पार्क में राज्य पुलिस के लिए 312 इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल्स -ईआरवी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन वाहनों में 310 मोटरसाइकिल और 2 गाड़ियां शामिल हैं, जिन्हें होंडा इंडिया फाउंडेशन ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से उपलब्ध कराया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल प्रदेश में जन सुरक्षा को और मजबूत बनाने के साथ-साथ आपात स्थिति में लोगों तक शीघ्र सहायता पहुंचाने में अहम भूमिका निभाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नई ईआरवी के माध्यम से पुलिस की पहुंच बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि गुरुग्राम को 60 मोटरसाइकिल और एक गाड़ी, फरीदाबाद को 40 मोटरसाइकिलें और एक गाड़ी उपलब्ध करवाई गई है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जिलों को 210 मोटरसाइकिल दी गई हैं। इन वाहनों को विभिन्न संवेदनशील और प्रमुख क्षेत्रों में तैनात किया जाएगा ताकि आवश्यकता पड़ने पर पुलिस सहायता कम से कम समय में उपलब्ध हो सके।

मुख्यमंत्री ने हरियाणा पुलिस की सराहना करते हुए कहा कि देश में पुलिस का औसत प्रतिक्रिया समय लगभग 18 मिनट है, जबकि हरियाणा पुलिस ने इसे घटाकर मात्र 7 मिनट 3 सेकंड तक पहुंचा दिया है। यह उपलब्धि पुलिस विभाग की प्रतिबद्धता, बेहतर प्रबंधन और आधुनिक कार्यप्रणाली का परिणाम है।

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित महाराणा प्रताप स्वर्ण जयंती पार्क में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस-2026 के उपलक्ष्य में आयोजित राज्यव्यापी योग अभ्यास अभियान का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने इस वर्ष 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को भव्य और व्यापक स्तर पर मनाने का निर्णय लिया है। आज से 21 जून तक हर स्तर पर योग अभ्यास शिविर आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि योग किसी धर्म या संप्रदाय से जुड़ा विषय नहीं बल्कि भारत की महान सांस्कृतिक विरासत है, जिसने हजारों वर्षों से मानवता को संतुलित, स्वस्थ और आध्यात्मिक जीवन की राह दिखाई है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने योग को विश्व पटल पर स्थापित किया और आज पूरी दुनिया इसे अपना रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि "खेलेगा भारत तो खिलेगा भारत" और "योग की डोज, आधा घंटा रोज" जैसे संदेश आज के समय की आवश्यकता हैं। योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर हम स्वस्थ, ऊर्जावान और सकारात्मक जीवन जी सकते हैं।

उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से योग को अपनाने और नशे से दूर रहने का आह्वान भी किया।

कुरुक्षेत्र के लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में नाबालिग से कथित यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी कंसल्टेंट डॉक्टर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे निशानदेही के लिए लेकर अस्पताल लाया गया।कंसल्टेंट डॉक्टर पर आरोप है कि इसी डॉक्टर ने पहले नाबालिग को अस्पताल में दाखिल किया और उसके साथ अपने OPD के कमरे में कई बार दुष्कर्म किया। हमारी संवाददाता संगीता ने बताया है कि रिपोर्ट में अस्पताल की गायनोलॉजिस्ट की ओर से कई बार यौन उत्पीड़न की पुष्टि की गई है।

संवाददाता के अनुसार आरोपी डॉक्टर प्राथमिक चिकित्सा अधिकारी के पद से सेवामुक्त हैं और फिलहाल अस्पताल में कंसल्टेंट फिजिशियन के तौर पर सेवाएं दे रहे हैं। वो पहले भी महिला से दुष्कर्म के मामले में जेल जा चुके है।

पलवल में आज लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती मनाई गई।समारोह में कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल एवं खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने शिरकत की। समारोह के दौरान हुड्डा सेक्टर 2 से लेकर इंडोर स्टेडियम तक विशाल शोभा यात्रा भी निकाली गई।देवी अहिल्याबाई होल्कर ने देशभर के प्रमुख तीर्थस्थलों जैसे काशी विश्वनाथ, सोमनाथ, अयोध्या, मथुरा, गया और रामेश्वरम में कई मंदिरों का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार कराया था।